Sir, statistics do not lie. The number of districts inflicted with LWE prior to 2014 has been reduced by 70 per cent. Incidence of LWE is reduced by 53 per cent. Total deaths due to Naxalism are reduced by 69.4 per cent. Security expenditure has been tripled with 154 per cent increase. The number of fortified police stations has increased by 724 per cent. Road infrastructure in LWE districts has gone up by 79.86 per cent. Sir, I can go on and on, but because of paucity of time, I will stop there. Finally, no discussion on internal security can be complete without talking of women safety. Mahatma Gandhi, the Father of the Nation, had very famously said: "The true measure of any society is how it treats its vulnerable section, particularly its women and children." When we landed in Chandrayaan on the South Pole, we called it Shiv Shakti. By passing the Women's Reservation Bill, we brought *Nari-shakti* to the House. Women safety has always been the priority, in fact, the topmost priority of the Modi Government. I will quote what hon. Prime Minister had said: "हमारे यहाँ शास्त्रों में नारी को नारायणी कहा गया है। नारी का सम्मान, यही समाज और देश के विकास की पहली सीढ़ी होती है। भारत के तेज विकास के लिए आज भारत women-led development की राह पर चल पड़ा है। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए और महिला सुरक्षा के लिए हर संभव नियम-कानूनों को हमने सख्त बनाया है।" The total outlay has been hiked to Rs.1,180 crore for women safety by the MHA. Because of paucity of time, I will conclude. Under hon. Prime Minister's leadership and under Amit Shah*ji's* able guidance, we are building a Bharat, an India, where no criminal would sleep peacefully, no victim would wait endlessly for justice and no citizen would live in fear. Sir, I would just conclude by reciting a small poem. If you permit, it would hardly take twenty seconds:

Beneath the sky so vast and free,
A nation stands in unity.
Gone are the days of fear and flight,
Now shines the land in golden light.
Amit Shah's vision, firm and bold,
A story of courage, strength retold.
With laws reformed and terror tamed,
A nation's honour is reclaimed.
Article 370, once a chain,
Now replaced by growth and gain.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. *...(Interruptions)...* माननीया श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल। You have eight minutes. It is not in my hands. माननीय सदस्यों ने जो रूल्स बनाए हैं, उनके तहत हम चल रहे हैं। प्लीज़। आप मराठी में बोलेंगी।

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल (महाराष्ट्र): [&]"उपसभापति महोदय, केंद्रीय गृह मंत्रालय के कामकाज से संबंधित चर्चा में मुझे मराठी में बोलने का अवसर देने के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं। गृह मंत्रालय हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा, राज्य सरकारों के साथ समन्वय और आपदा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार एक बहुत ही महत्वपूर्ण मंत्रालय है। वर्ष 2025-26 के बजट में गृह मंत्रालय के लिए 2,33,211 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। दुर्भाग्यवश, वास्तविकता यह है कि गृह मंत्रालय का प्रदर्शन असंतोषजनक प्रतीत होता है। बड़े-बड़े दावे करने के बावजूद गृह मंत्रालय का अपेक्षित प्रदर्शन लगातार खराब होता जा रहा है। महोदय, मैं महाराष्ट्र के बीड जिले से आती हूं। मेरा जिला और राज्य पिछले कुछ महीनों से बड़े पैमाने पर सामाजिक अशांति का सामना कर रहा है। कुछ महीने पहले मेरे बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की नृशंस हत्या ने एक बार फिर राज्य में कानून-व्यवस्था की विफलता को उजागर कर दिया। उस हत्या ने राज्य का सामाजिक तालमेल बिगाड़ दिया। वहां शांति बनाए रखने के लिए कांग्रेस पार्टी ने सद्भावना यात्रा का आयोजन किया था। जब यह यात्रा एक गांव से गुजरी, उसमें एक साधारण 80-85 साल के किसान ने भाग लिया था। उन्होंने मुझे बताया कि यदि नरसंहार के आरोपियों के खिलाफ समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो बीड जिला और महाराष्ट्र को मणिपुर बनने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

उपसभापति महोदय, देश के गृह मंत्रालय के बारे में बात करते समय कुछ बातें उल्लेखित करना आवश्यक है। आज हमारी पूरी पुलिस और अर्धसैनिक व्यवस्था संकट में है - पुलिस और सुरक्षाकर्मियों पर अत्यधिक बोझ है और कर्मचारियों की कमी भी है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीआरपीएफ) का उदाहरण लें, जिसके पास आवश्यकता से 9 प्रतिशत कम मैनपावर है; इसलिये ये सुरक्षाकर्मी लगातार मानसिक तनाव में रहते हैं। दूसरी ओर, अर्धसैनिक बलों की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। कई सैनिकों को लगातार 14-15 घंटे काम करना पड़ता है। इस

[&] English translation of the original speech delivered in Marathi.

स्थिति के कारण सीआरपीएफ सुरक्षाकर्मियों में आत्महत्या, मानसिक तनाव और त्यागपत्र की शिकायतें बढ़ रही हैं। पुलिस आधुनिकीकरण योजना के लिए 4,069 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में 90 प्रतिशत अनुदान आवंटित नहीं किया गया है। इसके लिए यदि सरकार नहीं, तो कौन जिम्मेदार है? इस सरकार ने 33% महिला आरक्षण का वादा किया था, लेकिन अर्धसैनिक बलों में महिला कर्मचारियों का अनुपात केवल 4% है।

महोदय, सरकार अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए हर साल बजट में लाखों करोड़ रुपये खर्च करती है, लेकिन हकीकत में घुसपैठ, तस्करी और आतंकवादी गतिविधियां जारी रहती हैं। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ निर्माण का कार्य केवल 78 प्रतिशत ही पूरा हुआ है। हमारी सेना को पाकिस्तान सीमा पर भी कई नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सीमा पार, दोनों पड़ोसी देशों से आतंकवादी गतिविधियां, घुसपैठ और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे खतरे बढ़ रहे हैं। इसके लिए गृह मंत्रालय नहीं तो और कौन जिम्मेदार है? केंद्र सरकार बार-बार कहती रही है कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति सामान्य हो रही है। तो फिर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा के लिए 41,000 करोड़ रुपये का भारी भरकम प्रावधान क्यों करना पड़ा? मैंने स्वयं जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस प्रभारी के रूप में काम किया था। मुझे यह कहना चाहिए कि कश्मीरी पंडितों को इस सरकार ने केवल अपने राजनैतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। उनको सहायता देने का पहला काम आदरणीय पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी ने किया। इन लोगों ने कश्मीरी पंडितों की सहायता नहीं की। सिर्फ उनके ऊपर फिल्में बनाना और बातें करने का काम इन्होंने किया है।

महोदय, मणिपुर में सांप्रदायिक संघर्ष दो साल बाद भी नहीं रुक रहा है, लेकिन गृह मंत्रालय ने वहां हिंसा रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए हैं। अंततः वहां राष्ट्रपति शासन और एफस्पा अधिनियम लागू किया गया, लेकिन यह कोई स्थायी समाधान नहीं है। मणिपुर के लोग कब तक अनिश्चितता और हिंसा के ऐसे माहौल में रहेंगे? माननीय प्रधानमंत्री को मैं पूछना चाहती हूं कि आप पूरी दुनिया में यात्रा करते हैं, लेकिन आप को कम से कम एक बार मणिपुर जाने का समय मिलता तो हमें अच्छा लगता।

महोदय, आपदा प्रबंधन के बारे में बात करनी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न राज्यों के लोग बाढ़, तूफान, भूकंप या भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हुए हैं। लेकिन इस दौरान गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल यानि एनडीआरएफ की प्रतिक्रिया बेहद उदासीन दिखाई दी। एनडीआरएफ में 23 प्रतिशत पद रिक्त हैं और यह सरकार उन्हें तत्काल भरने की आवश्यकता महसूस नहीं करती है। केंद्र को विभिन्न राज्यों से कम से कम 10,000 करोड़ रुपये की सहायता के लिए अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं। ये सारे आंकड़े मेरे नहीं हैं, बल्कि गृह मंत्रालय की समिति द्वारा 10 मार्च 2025 को जारी की गयी Demands for Grants रिपोर्ट से लिए गए हैं।

2.00 P. M.

महोदय, प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों को सहायता देर से और अपर्याप्त रूप से प्रदान की जाती है। वायनाड में इतनी भयंकर आपदा आई। वहां भूस्खलन से हजारों लोगों ने जान गंवा दी। लेकिन वहां के पीड़ितों को अभी तक केवल 500 करोड़ रुपये का कर्ज दिया गया। हिमाचल प्रदेश में हाल ही में मानसून के दौरान भारी बारिश और प्राकृतिक आपदाओं के कारण सैकड़ों

लोगों की मौत हो गई। हजारों घरों, दुकानों, सड़कों, राजमार्गों और गांवों को जोड़ने वाली सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा और हजारों लोग बेघर हो गए। उस वर्ष प्राकृतिक आपदा से इस पहाड़ी राज्य को 10,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। राज्य सरकार ने राहत एवं पुनर्वास कार्य चलाया, लेकिन केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को केवल 433 करोड़ रुपये दिए। प्राकृतिक आपदाएं बिना किसी चेतावनी के आती हैं, लेकिन हमें उनसे निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उपसभापति महोदय, देश में साइबर अपराधों की संख्या भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही है। हाल ही में जब भी आप अपना फोन कान पर लगाते हैं तो साइबर अपराधियों से सावधान रहने का संदेश चलने लगता है, लेकिन अब लोगों को यह संदेश जुबानी याद हो गया है। 2022 में साइबर अपराध में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। लेकिन गृह मंत्रालय ने इस गंभीर समस्या के लिए केवल 24 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं और आप कहते हैं कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए हम तैयार हैं। हाल ही में यह देखा गया है कि देश के कई राज्यों में साइबर अपराधों के लिए अलग से पुलिस स्टेशन तक नहीं हैं, जिससे साइबर अपराधियों को पकड़ना और भी मुश्किल हो जाता है।

उपसभापति जी, आज जब हमारा पूरा देश डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ रहा है और हम तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की ओर बढ़ रहे हैं, तो मैं कहना चाहूंगी कि इसकी तुलना में हमारी साइबर सुरक्षा नीति बहुत कमजोर है।

महोदय, देश की जेलों की स्थिति के बारे में तो न ही बोलें, तो अच्छा है। कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से जेल नहीं जाता। वर्तमान में देश की जेलों में उनकी क्षमता से 131 प्रतिशत अधिक कैदी भरे हुए हैं। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि 76 प्रतिशत मामले अभी भी लंबित हैं और लाखों लोग वर्षों से जेल में हैं...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल: जिनको कभी भी दोषी नहीं ठहराया गया या सजा नहीं सुनाई गई, वे अगली अदालती तारीख का इंतजार करते हुए जेल में ही हैं। महोदय, भा.ज.पा. की मशहूर वॉशिंग मशीन में जाने वालों को राजनीतिक हितों के कारण इस कार्रवाई से छूट दी जा रही है और कईयों के खिलाफ मामले वापस लिए जा रहे हैं या स्थगित किए जा रहे हैं। *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Madam, nothing more is going on record. Please sit down. ...*(Interruptions)*... Now I will call Ms. Dola Sen; not present. Now Shri Ramji Lal Suman; five minutes. ...*(Interruptions)*... रूल्स आप बनाते हैं, आगे बना दीजिएगा। श्री रामजी लाल सुमन, पांच मिनट। ...(**व्यवधान**)...

श्री रामजी लाल सुमन (उत्तर प्रदेश): उपसभापति जी, हम यहाँ गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा कर रहे हैं और मैं समझता हूँ कि देश का जो गृह मंत्रालय है, उसका प्रमुख काम देश की एकता और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखना है। यह पूरा देश एक घर है और हिंदुस्तान में

* *Not recorded.*

विभिन्न जाति और धर्मों के लोग रहते हैं, इसलिए हिंदुस्तान के प्रधान मंत्री और गृह मंत्री का यह दायित्व है कि यहाँ सभी धर्मों में सामंजस्य हो, एक धर्म के मानने वाले दूसरे धर्म की इज्जत करें। लेकिन पिछली बार देखने में आया है कि जानबूझ कर हमारे देश में सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है।

उपसभापति जी, अभी होली का त्योहार था और मैंने कहीं नहीं पढ़ा कि किसी मुसलमान ने यह कहा हो कि हम सद्भावना बिगाड़ना चाहते हैं या होली के त्योहार में व्यवधान पैदा करना चाहते हैं, लेकिन इसके बावजूद भी तमाम ऐसे बयान आए, जिसके चलते समाज में दरार पैदा हुई, रिश्ते खराब हुए। सर, बिहार के एक विधायक हैं और उत्तर प्रदेश के एक विधायक हैं, इन दोनों ने यह कहा कि मुसलमान होली पर अपने घर में कैद हो जाएं। उत्तर प्रदेश के एक मंत्री ने कहा कि जिनको रंगों से नफरत है, वे हिंदुस्तान छोड़ दें।

उपसभापति महोदय, अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में पहले होली का त्योहार नहीं होता था, परमिशन नहीं मिली, अब जब वहाँ अनुमति नहीं मिली, बाद में अनुमति मिल गई थी, तो वहाँ के एक जनप्रतिनिधि ने कहा कि जो इसका विरोध करेगा, उसको हम ऊपर पहुँचा देंगे। उपसभापति जी, यह कानून का राज है या जंगल का राज है? इस प्रकार की जो भाषा बोली जाती है, वह किसी भी कीमत पर इस देश की सेहत के लिए ठीक नहीं है। मैं बहुत अफसोस के साथ यह कहना चाहूँगा कि बीजेपी की सरकार है, लेकिन बीजेपी का कोई जिम्मेदार नेता या कोई मंत्री इन सब चीजों का प्रतिवाद नहीं करता, यह नहीं कहता कि जो इस प्रकार की भाषा बोलते हैं, उनसे हमारा कोई संबंध नहीं है। ऐसे में क्या हम यह मान कर चलें कि इस प्रकार के जो तत्व हैं, उनको सरकारी संरक्षण प्राप्त है या इनको यह भाषा अच्छी लगती है।

उपसभापति महोदय, बार-बार कहा जाता है और अभी कहा गया कि जो लोग होली के त्योहार पर होली नहीं खेलना चाहते, जैसा मैंने पहले कहा, जिनको रंग पसंद नहीं है, वे हिंदुस्तान छोड़ दें। उपसभापति महोदय, मैं आपके मार्फत यह जानना चाहूँगा कि * हिंदुस्तान में विभिन्न जातियों और धर्मों के लोग रहते हैं। क्या इस देश की मिट्टी पर जितना अधिकार हिंदू का है, उससे कम अधिकार हिंदुस्तान के मुसलमान का है? राष्ट्रीय आंदोलन में हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई सब लोगों ने तिरंगे झंडे के नीचे एक कौम बनाई। आखिरी मुगल बादशाह, बादशाह ज़फर के बेटों का सर कलम कर दिया गया और बादशाह ज़फर के पास भेज दिया गया तथा अंग्रेजों ने कहाः

'दमदमे में दम नहीं है ख़ैर मांगो जान की,
ऐ ज़फर ठंडी हुई अब तेग हिंदुस्तान की।'

बूढ़े बादशाह ज़फर ने कहा,

'ग़ाज़ियों में बू रहेगी जब तलक ईमान की,
तख़्त ऐ लंदन तक चलेगी तेग हिंदुस्तान की।'

उपसभापति महोदय, कौन है इसका ठेकेदार? हर बात पर एक तो बीजेपी के लोगों का यह तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमान, इनमें बाबर का डीएनए है। उपसभापति महोदय, मैं यह

---

* *Not recorded.*

जानना चाहूंगा कि बाबर का डीएनए मुसलमान में है, हिंदुस्तान का मुसलमान तो बाबर को अपना आदर्श मानता नहीं है, वह तो मोहम्मद साहब को अपना आदर्श मानता है, सूफी-संतों की परंपरा को अपना आदर्श मानता है, लेकिन बाबर को लाया कौन? * उपसभापति महोदय, इस देश की एकता ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः आप अनुभवी आदमी हैं, आप बातचीत में संसदीय मर्यादाओं का ध्यान रखें। ...(**व्यवधान**)... Your time is over. *...(Interruptions)...* जो भी चीज़ें संसदीय मर्यादाओं के अनुकूल नहीं हैं, वे रिकॉर्ड पर नहीं जाएंगी। ...(**व्यवधान**)...

श्री रामजी लाल सुमनः *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over. You please sit down. Now, Shri Vaiko. You have three minutes to speak. *...(Interruptions)...*

श्री रामजी लाल सुमनः सर, ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः आपका समय कब का खत्म हो चुका है। Mr. Vaiko, you have three minutes to speak. I am calling you.

SHRI VAIKO: Why do you punish me like this?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Vaiko, you have three minutes. Please speak. ...(*Interruptions*)...

SHRI VAIKO: He has to complete.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has completed. You please speak. You have three minutes.

SHRI VAIKO: You are a very generous Deputy Chairman. Therefore, you have allotted three minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have not allotted. It has been allotted as per the rules and procedure. You are a very senior Member, Vaiko*ji*. Please speak.

SHRI VAIKO (Tamil Nadu): Some four months back, a conference was held in Allahabad (Prayagraj) by the RSS and Hindutva forces. They released a

* *Not recorded.*

memorandum of 32 pages. In that memorandum, the very first paragraph deals with the name of the country. 'Hereafter, India should not be called India. India should be called only 'Bharat'. * ...(*Interruptions*)... Yes, it has appeared in all newspapers.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You please substantiate. You cannot report the newspaper. ...(*Interruptions*)... आप इसको शाम तक substantiate कीजिए।

SHRI VAIKO: We are bothered. You have passed a resolution. Could you implement that? ...(*Interruptions*)...

श्री उपसभापति: आप इसको substantiate कीजिए, otherwise, it will not go on record.

SHRI VAIKO: * This is also in the memorandum. The memorandum was... ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You please substantiate and give me on record. ...(*Interruptions*)... You have to substantiate it.

SHRI VAIKO: Sir, the Tamil Nadu Government has sought an additional Rs.6,675 crore in relief funds for both temporary and permanent restoration efforts. Tamil Nadu Chief Minister submitted a memorandum to the Inter-Ministerial Central Team requesting this substantial grant to facilitate rehabilitation work in the wake of Cyclone Fengal's destruction. Two years back also, last year also, the Union Government has not released adequate grants and funds when our State was impacted by Michuang Cyclone. This is clearly discrimination against our State and step-motherly treatment. The Minister of Home Affairs, who is releasing the Disaster Relief Fund, has victimized our State just because we are against their Hindutva, RSS policy and imposition of Hindi and Sanskrit. Sir, Tamil is the mother-tongue of nearly 120 million people living in more than 114 countries of the world besides India, Sri Lanka, Malaysia and Singapore. Arignar Anna, the founder of DMK, made a wonderful speech on the floor of the Rajya Sabha in 1963. He stated that all the State languages, national languages should be made official languages of the country. Only then the unity and integrity will be protected.

Sir, I would like to ask the hon. Home Minister, when he visited first time, he said, "Hindi will be definitely imposed." Then an agitation started in 1965.

---

* *Not recorded.*

...(Interruptions)... I am a product of the anti-Hindi agitation. I was imprisoned for six months for *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over, Mr. Vaiko. *...(Interruptions)...* Your time is over. *...(Interruptions)...*

SHRI VAIKO: Therefore, even the poor people who do the digital transactions...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Vaiko, it is not going on record now. *...(Interruptions)...* It is not going on record. आपने जिस document को क्वोट किया है,you have to authenticate and lay copy of that on the Table. *...(Interruptions)...* It is over; not going on record. *...(Interruptions)...* Now, Mr. Mahendra Bhatt. You have ten minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is already over, Mr. Vaiko. ...(**व्यवधान**)... आप बोलें। आपके बोलने का समय 5 मिनट है। आप बोलें आपकी बात रिकॉर्ड पर जा रही है।

श्री महेंद्र भट्ट (उत्तराखंड): माननीय उपसभापति महोदय, आपने मुझे गृह विभाग के कार्यो पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपका हृदय से धन्यवाद करता हूं। महोदय, गृह मंत्री जी की आवाज़ से ही आतंकवादियों और अपराधियों का भयभीत होना स्वाभाविक हो जाता है। राज्यों के अंदर अलगाववादी अपराधी तत्वों पर जिस प्रकार की कार्रवाई हो रही है, विशेष रूप से यदि मैं उत्तर प्रदेश की चर्चा करूं या अन्य राज्यों की बात करूं, तो इससे भारत सरकार के गृह मंत्रालय का अपराधियों के प्रति कड़ा रुख स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। एक गृह मंत्री, जिन्होंने राज्य को भारत से जोड़ा, और आज के गृह मंत्री, जो राज्य को भारतीय राज्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down, Mr. Vaiko.

श्री महेंद्र भट्ट: रामराज्य की परिकल्पना आज भले ही दूर लगती हो, परंतु मैं विश्वासपूर्वक कह सकता हूं कि भाजपा सरकार इस कल्पना को पूर्ण करने का प्रयास कर रही है। ...(**व्यवधान**)... जब-जब भारतवर्ष में राक्षसी प्रवृत्ति के लोग सिर उठाने लगे, तब-तब इस माँ भारती ने ऐसे लालों को जन्म दिया, जिन्होंने इस देश को अपराधमुक्त बनाने का कार्य किया। उन महान व्यक्तियों में आज हमारे प्रधान मंत्री और गृह मंत्री जी को मैं अवतारी पुरुष मानता हूं।

महोदय, आज भारत की सुरक्षा, चाहे आंतरिक हो या बाह्य, उसे सुदृढ़ करने के लिए कार्य किया जा रहा है। कल ही हमारे सुधांशु त्रिवेदी जी ने कहा था कि एक समय था, जब पूरे मीडिया

---

* *Not recorded.*

में - चाहे समाचार चैनल हों या अखबारों के विज्ञापन - यह कहा जाता था, "ऐसी वस्तु कहीं भी हो सकती है, उसे न छुएं, वह लावारिस हो सकती है।" लेकिन आज, मैं कह सकता हूं कि नागरिकों द्वारा स्वयं को असुरक्षित महसूस किया जा रहा था। आज मोदी जी की सरकार ने देश के नागरिकों में कानून और सुरक्षा के प्रति विश्वास स्थापित किया है।

माननीय गृह मंत्री जी ने राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का कार्य किया है। कानून का शासन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। समय पर न्याय मिले, अपराधमुक्त वातावरण का निर्माण हो, मानवाधिकारों के सिद्धांतों का पालन हो और प्राकृतिक एवं मानव-जनित आपदाओं की क्षति को रोकने का विषय हो, आज हर क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है।

10 जनवरी, 2020 को सीएए लागू हुआ। हम सभी जानते हैं कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, जब भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त करना था, तब पूरे देश में भारत माता की जय के नारे गूंजे। लेकिन विभाजन के कारण अनेक लोग भारत से अलग हो गए। बाद में जब वे भारत आए, तो मैं गृहमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन नागरिकों को हिंदू, सिख, जैन, पारसी आदि को नागरिकता देने का कार्य किया जा रहा है। यह एक योग्यतम निर्णय कहा जा सकता है।

22 जनवरी, 2025 को राष्ट्रध्वज के सम्मान में एक दंड संहिता बनाने की परिकल्पना भी माननीय गृहमंत्री जी ने दी। चाहे खेलों के दौरान तिरंगे का सम्मान हो या संयुक्त राष्ट्र संघ के ध्वज का महत्व - देश के भीतर हर ध्वज के प्रति सम्मान को स्थापित करने की उचित व्यवस्था की गई है।

1 जनवरी, 2025 को सदन ने यह तय किया कि देश के भीतर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी, उनकी याद में 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूँ कि लम्बे समय तक गुलाम रहने के बाद क्या गारंटी है कि हमारा देश फिर से गुलाम नहीं होगा? इसलिए आज के युवाओं में राष्ट्रभक्ति और शहीदों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने का काम देश के अंदर किया गया है, मैं इसकी सराहना करता हूं।

महोदय, 1 जुलाई, 2024 को तीन नए आपराधिक कानून लागू हुए हैं।

1. भारतीय न्याय संहिता – पहले दंड दिया जाता था, लेकिन अब न्याय मिलेगा। 2. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता। 3. भारतीय साक्ष्य अधिनियम। इन नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए एक अलग अध्याय जोड़ा गया है, जिसका मैं हृदय से स्वागत करता हूँ। न्याय के तत्काल क्रियान्वयन के लिए ई-साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई-संबंध को लॉन्च किया गया है, जो आज की आवश्यकताओं के लिए नितांत आवश्यक है। सर, मैं कह सकता हूं कि इन सब कार्यों के लिए 2,33,210.68 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें से 1,60,391.6 करोड़ रुपये केन्द्रीय पुलिस वालों के लिए आबंटित है। 1 अगस्त, 2019 को तीन तलाक को अपराध घोषित किया गया। मैं इस बात को इसलिए कह रहा हूं कि इस देश के अंदर लंबे समय से मातृ शक्ति सम्मान का बोध होता है। हम मुस्लिम बहनों के सम्मान के लिए इस कानून को लाए और आज मुस्लिम बहनों के अधिकार की जो रक्षा हुई है, इसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं। ...(**समय की घंटी**)... सर, 5 अगस्त, 2019 को धारा 370 ...

श्री उपसभापतिः Your time is over. आपका टाइम खत्म हुआ।

श्री महेंद्र भट्टः उपसभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं ...

श्री उपसभापतिः समय खत्म हुआ। प्लीज़ ...(**व्यवधान**)...

श्री महेंद्र भट्टः अगर मैं 370 की चर्चा करूं ...(समय की घंटी)... मैं यह कहना चाहता हूं ...

श्री उपसभापतिः समय खत्म हो गया, प्लीज़, बैठ जाइए। Now, Shri Praful Patel; not present. Shri Haris Beeran, you have three minutes.

SHRI HARIS BEERAN (Kerala): Thank You, Mr. Deputy Chairman, Sir, for having given me the opportunity. I have got six points and I have got only three minutes. So, I will take 30 seconds for each point. Sir, my first point is about the Census. This Ministry is the Ministry tasked to conduct the Census. After 2011, for a long period of 14 years, there has not been any Census done. We know, Sir, Census is the mother of all data. Many of the weaker sections of the society depend on the Census and get the privileges and benefits out of the Census. The allocation of funds for Census, for this particular year, also indicates that there is no provision for conducting Census this year also. I want the Home Minister to answer in this House as to why the Census is not done and when the Census will be done.

Secondly, on the disaster management aspect, Sir, Wayanad disaster happened in July of 2024. It has been almost eight months since Wayanad disaster happened. There is no policy as to the disbursal of the disaster relief fund as far as States are concerned. The people who are the victims of this disaster are still on the streets. They do not have any home; they do not have any employment. There is no policy as far as the disaster management fund disbursal is concerned. So, I urge the Ministry to have a policy in this regard. This is a disaster of severe nature, a calamity of severe nature. So, whenever a disaster of this nature happens, there has to be a policy that within this particular time, the money will be sent to the States.

Thirdly, Sir, on the Foreign Contribution Regulation Act, there have been a lot of FCRA clearances for a lot of institutions in Kerala. These institutions belong to the Christian minorities and Muslim minorities. They already have the FCRA clearances. They run the orphanages, they run the hospitals, they run the educational institutions; it is all free of cost. Suddenly, when there is a renewal of these FCRA clearances, everything has been rejected wholesale. We do not know what the policy of the Ministry is. Why is it not being renewed now, Sir? This also, the Home Minister has to explain in the House. Now, as far as the drug related issue is concerned, it is a matter

of grave concern. Drug abuse among the youth is a matter of very severe concern in the State of Kerala. In 2024 alone, there were some 24,000 cases and majority of the cases were drug-related cases. The crime rate is increasing over there. I want to know why the drug abuse in Kerala has reached such a level despite the presence of Central agencies like the Narcotic Control Bureau and what steps the Narcotic Control Bureau and the Minister are taking to reduce drug abuse in Kerala. Fourthly, I would like to say on the issue of atrocities against the minorities. I am starting from Manipur. We all know the kind of displacement which has happened over there. Some 65,000 people have been displaced. That is what the hon. Finance Minister stated the other day. Homes have been destroyed. The response of the Ministry is nothing. It is very evasive and vague. And, what steps is the Ministry pro-actively taking, Sir? (*Time-bell rings.*) Just 30 seconds, Sir. A report by the Centre for Study of Society and Secularism says that there have been 59 communal riots in 2024 alone. These incidents reflect a pattern of inadequate conflict resolution mechanism. Moreover, Sir, this bulldozer demolitions and minority displacements are also happening. I urge the Ministry to take action. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, Shri Samik Bhattacharya.

श्री सामिक भट्टाचार्य (पश्चिमी बंगाल): उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। महोदय, मैं आपके माध्यम से पूरे सदन और सभी राजनैतिक दल के सदस्यों के सामने एक प्रश्न रखना चाहता हूं। महोदय, एक political party को अपने stunts और stand बदलने का अधिकार है, एक राजनेता को अपना दल बदलने का अधिकार है, पर क्या किसी गरीब मजदूर के पास यह अधिकार नहीं है या किसी आम political party के कार्यकर्ता को दूसरी political party को join करने का अधिकार नहीं है?

महोदय, 2014 के आम चुनाव के बाद नरेन्द्र मोदी को भारत सरकार के संचालन का दायित्व मिला, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली दफा एक political party, जिसने कांग्रेस की कोख से जन्म नहीं लिया, कांग्रेस तोड़कर नहीं बनी, जिन्होंने अपनी ideology के साथ कभी compromise नहीं किया और जो magic figure है, उसने वह मैजिक फिगर अपने बलबूते पर पार कर ली। पूरे देश में एक नया माहौल बना और हमारे पश्चिमी बंगाल में बीरभूम जिले में शेख रहीम नाम से एक गरीब मजदूर, जो कोई जमींदार नहीं था, कोई industrialist नहीं था, कोई पत्रकार नहीं था, कोई साहित्यकार नहीं था, सिर्फ ट्रक से भारी माल उतारने का काम करता था, उन्होंने सीपीआई (एम) का झंडा छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का झंडा ले लिया। उसे बोला गया कि अगर पश्चिमी बंगाल में रहना है, तो ruling party के साथ रहना है, लेकिन उन्होंने बाज़ार में खड़े होकर डटकर जवाब दिया कि हम बार-बार अपना बाप नहीं बदल सकते हैं। अगर घर में जाएंगे, तो इसको सीने पर लगाकर जाएंगे। लेकिन हुआ क्या? जब खाने बैठा, तो चारों तरफ से जुलूस लेकर सत्तारूढ़ पार्टी के लोगों ने उसे घेर लिया, उसे वहाँ से उठाकर ले गए और lightpost

के साथ बाँध दिया। उसके बाद धीरे-धीरे, he was chopped to death. उसकी बीवी, उसके पैर के नीचे पड़ी हुई थी।

सर, एक जिले के, एक ब्लॉक के इलाम बाज़ार ब्लॉक के अंदर भारतीय जनता पार्टी के पाँच अल्पसंख्यक कार्यकर्ता मारे गए। जो लोग यहाँ पर बैठकर एससी/एसटी और ओबीसी की बातें करते हैं, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि 455 BJP workers have been killed since 2011. सर, गृह मंत्री जी अभी आने वाले हैं। जब गृह मंत्री जी पार्टी अध्यक्ष हुआ करते थे, तब 67 BJP workers have been killed in West Bengal. नेता सदन, आदरणीय नड्डा जी गंगा जी के तट पर बैठकर 83 BJP workers के लिए स्मृति तर्पण करके चले आए।

सर, अब चुनाव की बात करेंगे। 2021 में चुनाव के परिणाम की घोषणा हुई। तीसरी बार के लिए पश्चिमी बंगाल की जनता ने जैसे भी हो, ममता बनर्जी को मुख्य मंत्री चुन लिया। लेकिन हुआ क्या? Within 27 days, 56 BJP workers have been killed. 30 ऐसी महिलाएं हैं, जिन्होंने मानवाधिकार कमीशन के सामने आकर खुलेआम बोला है कि हम लोगों के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। सर, यह आंकड़ा जनता के सामने है। अभी संजय जी कुछ ही देर पहले बोल रहे थे कि NCRB का हिसाब कितना है। मैं एनसीआरबी की 2021 की रिपोर्ट क्वोट कर रह हूं। "In 2021, 13,278 girls below 18 years were missing. More than 5,609 of them are still traceless. In the same year, 50,998 women went missing and more than 29,000 of them are yet to be found." This is the practical situation in West Bengal. पश्चिमी बंगाल की प्रैक्टिकल सिचुएशन क्या है? महोदय, आज हम लोग बंगलादेश को लेकर बात करते हैं, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि पिछले दो सालों से बंगलादेश में एक केंपेन चल रहा है कि बंगलादेश के राष्ट्र गीत में परिवर्तन करना चाहिए, क्योंकि रवींद्रनाथ टैगोर उस गीत के रचयिता हैं, इसलिए इसको बदलो। सारे बंगलादेश में यह कैंपेन चला, बहुत जगह पर बंद भी कर दिया, लेकिन हम जिस स्टेट से आते हैं, उस पश्चिमी बंगाल स्टेट में एक हेड मास्टर थे, जिन्हें आज भारत सरकार की तरफ से पद्मश्री भी मिल गया है, उनका नाम काज़ी मासूम अख्तर है। Heart of Kolkata में यह हेड मास्टर थे, उनका एक ही कसूर था ...(**व्यवधान**)... राष्ट्र गीत होना चाहिए। ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. ...*(Interruptions)*...आपका समय खत्म हो गया है। बैठ जाइए।

श्री सामिक भट्टाचार्य: सर, दो मिनट दे दीजिए। ..(**व्यवधान**)..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. Please sit down. ...*(Interruptions)*...

Now, Dr. M. Thambidurai; five minutes. ...*(Interruptions)*... The Party has allocated time, not me. The Party has given you five minutes. Please.

SHRI SAMIK BHATTACHARYA: Sir, please give me 30 seconds.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude within 30 seconds.

SHRI SAMIK BHATTACHARYA: Sir, Kazi Masum Akhtar was beaten ruthlessly, mercilessly, and went into coma. इसका कारण क्या है? उन्होंने राष्ट्रीय गीत को इन्ट्रोड्यूस किया। उसके बाद मुख्य मंत्री के ऑर्डर से Commissioner of Police, Kolkata ...(*Time-bell rings.*)... मैं उनका स्टेटमेंट पढ़कर खत्म कर रहा हूं कि उन्होंने क्या कहा है ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Thambidurai; your time is being started now.

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, on behalf of the AIADMK Party and our Leader, Shri Edappadi Palanisamy, I rise to participate in this discussion. I support what Shri Vaiko said about language. Tamil must be made an official language of this country. This has been a long-pending demand of the AIADMK Party and even Madam Jayalalitha had raised this issue. Even though Police and law and order is a State Subject, the Home Ministry implements a comprehensive scheme for the modernization of Police. In this connection, I would like to bring the following facts to the notice of the hon. Home Minister.

Sir, the House may be aware that human faeces were dumped in an overhead tank that supplied drinking water to Scheduled Caste families at Vengaivayal village of Pudukottai district. No action on that has still been taken by the DMK Government. Dalits have suffered. They demanded a CBI inquiry into the case. I would request the Central Government to order a CBI inquiry into the incident that occurred. In another incident last year, dalit residents of Kallakuruchi consumed Methanol-mixed illicit liquour, leading to 70 deaths and more than 160 losing their vision. Sir, this is the state of the law and order situation in Tamil Nadu and incidents involving dalits. No action has been taken yet. The affected people have not been given any compensation. No action against criminals has been taken.

I now come to drugs. As the hon. Member from Kerala said, drugs are freely available in some parts of the country, particularly in Tamil Nadu, where we have seen the seizure of over 5,000 kg. of ganja in the southern districts of Tamil Nadu. Some months back, the Narcotics Control Bureau arrested a former DMK functionary, Jaffer Saddiq, in a Rs. 2,000 crore drug trafficking racket. He was the kingpin of the India-Australia-New Zealand drug trafficking network. No action has been taken. Drugs have become a huge menace. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Vaiko, please.

DR. M. THAMBIDURAI: The youth is getting affected. As far as safety of women is concerned, there is no safety for women in Tamil Nadu. I was once a Professor at the Anna University. Let me tell you what happened there. May I remind the House that in December last year, a girl studying at the prestigious Anna University was sexually assaulted inside the campus? No action has been taken yet. That person has a long criminal record, but he is being protected by the DMK Government in Tamil Nadu. Law and order situation is bad. An incident took place last week. The Chief Minister replied wrongly in the Tamil Nadu Assembly. In Tamil Nadu, there is no safety even for the police personnel. A 60 year old retired Sub-Inspector, Zakir Hussain – they keep saying 'minority, minority' – was brutally hacked to death in Tirunelveli in Tamil Nadu yesterday. No action was taken. No arrests were made. Some time back, a BSP State President, Mr. Armstrong, a dalit, was killed brutally. What action has the DMK Government taken? No action has been taken. ...*(Interruptions)*... Sir, let me tell you, even in yesterday's proceedings of the Tamil Nadu Assembly, my leader, Shri Edappadi Palanisamy, raised this issue and said [£] This is the pitiable situation there. Sir, there is another thing. Earlier also, I was raising that issue. It is regarding the inclusion of the Valmiki community in the Scheduled Tribe category in Tamil Nadu. It is a long-pending demand. When Madam Jayalalitha was alive, at that time, she recommended that Valmiki community must be included in the ST category because in Karnataka, in parts of Telangana and even in parts of Andhra, they are treated as a tribal community. I am requesting the Home Ministry to include because the file is pending in the Home Ministry. This is a long-pending demand of the people.

Sir, my next point is regarding the Governor. ...*(Interruptions)*... I want to say only one point.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

DR. M. THAMBIDURAI: The Vice-Chancellors are not appointed in Tamil Nadu. ...(*Time-bell rings.*)... This is because in 2010, the DMK-UPA Government brought a regulation that the UGC must send its nominee. When they sent their nominee, they are not accepting it! ...*(Interruptions)*..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The next speaker is Dr. Fauzia Khan. You have three minutes.

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, while we aspire for a *Vikasit Bharat*, a troubling reality threatens the foundation, the very नींव of our home -- the increasing

[£] *Exupnged as ordered by the Chair.*

narcotic and drug abuse, especially among children. सर, जब नींव कच्ची हो, तो इस देश के भविष्य की इमारत कैसे उभर सकती है, कैसे मजबूती से खड़े रह सकती है, यह प्रश्न है।

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI) *in the Chair*.]

Cases under liquor and narcotic drugs-related acts constituted 52 per cent of SLL crimes in 2022. NCRB के आँकड़ों के अनुसार 2022-23 में 10 से 17 साल की उम्र के 1.5 करोड़ बच्चे व्यसन की लपेट में आ चुके हैं। Child-friendly areas, schools, parks, etc., are specially targeted by drug peddlers. सर, ये हमारे देश की नींव हैं और हम विकसित भारत की इमारत की बातें सोच रहे हैं, सपने देख रहे हैं। The Home Ministry assists States in narcotic control. The scheme of Assistance to States and Union Territories for Narcotic Control, 2018-19 में 8 करोड़ का प्रावधान था, 2021-22 में एक करोड़ हो गया, 2023-24 में nil हो गया। सर, इस साल 13 करोड़ का प्रावधान किया गया है, लेकिन a great damage has already occurred out of this neglect.

सर, बच्चों में नशे के कारण कानून और व्यवस्था पर भयानक परिणाम होता है और यह प्रश्न देश की नींव को हिला कर रख देता है। Cross-border drug trafficking, the use of the dark web, crypto-currency for buying drugs, parcel courier services for delivery still prevail. This is able to thrive due to a nexus with corrupt officials, which has also been established by Courts, like the Punjab-Haryana Court in 2024. सर, भ्रष्टाचार भी देश की नींव को कमजोर करता है। बच्चों में drug and narcotics के abuse का एक और भयानक परिणाम नशे की हालत में गाड़ी चलाने की बढ़ती घटनाएँ और होने वाले accidents हैं। सर, पुणे में 2024 में एक घटना हुई है, जिसमें दो लोगों की जानें गईं। पोर्शे गाड़ी चलाता हुआ वह 17 वर्ष का युवक नशे में धुत था। उसको सजा क्या हुई? उसको सजा यह हुई कि उसको एक निबंध लिखने को कहा गया। This is not an isolated incident. Such incidents highlight a critical gap in narcotics and substance control and law enforcement. Drugs worth Rs. 11,311 crores have been seized from seaports.

उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी): माननीय सदस्या, आपका भाषण समाप्त हुआ। धन्यवाद। श्री गुलाम अली। आपके पास 5 मिनट्स हैं।

श्री गुलाम अली (नामनिर्देशित): सर, आपने मुझे Home Ministry की working पर बोलने के लिए इजाजत दी, मैं आपका बहुत मशकूर हूँ। आपने मुझे वज़ारते दाखिला के अमूर पर अपनी बात रखने का मौका दिया। जनाब, हकीकत यह है कि गुज़िश्ता 11 साल मुल्क की अंदरूनी सलामती, अमन-ओ-आमान के लिहाज से एक मिसाली दौर साबित हुआ है। मैं अभी सुन रहा था, हमारे कांग्रेस के सीनियर मेम्बर ने कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर के लिए allocation बढ़ाया गया है, तो इसका मतलब यह है कि वहाँ हालात खराब हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि आज modern जमाना है, security forces को technique से नवाजना है, cyber crime को curb करना है, तो इस

allocation को खराब हालात से क्यों जोड़ते हैं? यह मुझे समझ में नहीं आता है। ये ही जानते होंगे। नरेन्द्र मोदी गवर्नमेंट के द्वारा एलोकेशन में यह जो ह्यूज जंप हुआ है, यह हमारे यहाँ law enforcement में, terrorism को combat करने में और Left-Wing Extremism को curb करने में नरेन्द्र मोदी जी की commitment को दर्शाता है।

वाइस चेयरमैन, अभी हमारे एक दोस्त बोल रहे थे कि देश में माइनॉरिटी को बहुत खतरा है, बहुत दंगे हो रहे हैं, बहुत communal flare हो रहा है। History does not lie. The most devastating communal riots in Independent India's history did not take place under this Government's regime. They occurred under the Congress-led regimes, where riots were either ignored, encouraged or weaponised for electoral advantage. And, 1984 anti-Sikh riots, where thousands were butchered on the streets of Delhi, were not a spontaneous reaction but a State-sponsored programme. Who was in power? It was the Congress. Who led the mobs? The Congress leaders led the mobs. And, who justified the killings? The then Prime Minister himself did this with the chilling words, "When a big tree falls, the earth shakes." उनके ये अल्फाज़ थे। आप जरा गिरेबां में झांकिए। सर, बात यहीं खत्म नहीं होती है। आप देखिए, तो असम में 1983 में massacre हुआ, 1989 में भागलपुर में riots हुए, 1992-93 में बॉम्बे में riots हुए, 1987 में मेरठ में riots हुए। लेकिन, इसके बरअक्स, हमारी सरकार के समय में, in contrast with this, we now have strong, decisive and fearless leadership, that India has witnessed under the Modi-led Government at the Centre. Under our Government, despite countless provocations and attempts to incite unrest, India has remained more stable, secure and united than it was under any previous regime. We have empowered the law-enforcement agencies, strengthened the intelligence network and sent a clear message that the rioters, irrespective of their religion or political affiliations, will face justice.

सर, मैं जम्मू-कश्मीर से आता हूँ और अगर मैं जम्मू-कश्मीर की बात नहीं करूंगा, तो नाइंसाफी हो जाएगी। जम्मू-कश्मीर को हमेशा एक political mileage के लिए एक सियासी मुद्दा बनाया गया है। मैं आपके माध्यम से कुछ चीजें सदन के ध्यान में लाना चाहूँगा और देश को बताना चाहूँगा। वहाँ शेख अब्दुल्ला साहब को launch किया गया था। उनसे कश्मीर के लोग नाराज थे, डोगरा नाराज थे, वहां के जो ethnic groups थे, जो गुर्जर और पहाड़ी थे, वे नाराज थे, लद्दाख के लोग भी नाराज थे। यहां वे region-specific discrimination करते थे - कभी जम्मू को कश्मीर के साथ, तो कभी कश्मीर को जम्मू के साथ। देश के वजीर-ए-आज़म ने और देश के वजीर-ए-दाखिला ने एक स्ट्रोक से इन सारे discriminations को खत्म कर दिया, वहाँ से Article 370 को उखाड़ कर फेंक दिया और लद्दाख को UT बनाया।

वाइस चेयरमैन सर, वहां के गुर्जर और पहाड़ी को, वहां के कई ethnic groups को, जो non-Kashmiri speaking थे - ये मुसलमानों के बड़े मसीहा बनते हैं, लेकिन इन्होंने जान-बूझकर PoJK, जो आज पाकिस्तान के नाजायज कब्जे में है, intentionally दिया, ताकि इनका जो सुल्तान शेख अब्दुल्ला था, वहाँ उसकी नस्ल-दर-नस्ल हमेशा सल्तनत रहे।

सर, जम्मू कश्मीर में OBCs हैं। इनको वहाँ पर 70 सालों तक OBCs नहीं दिखे। भारतीय जनता पार्टी ने नरेन्द्र मोदी जी की रहनुमाई में उनको 8 परसेंट रिजर्वेशन दिया। इस्लाम ने 1,400 साल पहले औरतों को हक दिया। जम्मू-कश्मीर एक Muslim majority वाला इलाका है। वहाँ की कोई औरत अगर हिमाचल में या दिल्ली में शादी कर लेती थी, तो उसको वहाँ अपनी प्रॉपर्टी पर राइट नहीं था। नरेन्द्र मोदी जी ने एक कलम से उसको..

उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी): माननीय सदस्य, भाषण समाप्त करें। गुलाम अली जी, भाषण समाप्त करें।

SHRI GHULAM ALI: I am concluding, Sir. सर, political reservation से लेकर, पाकिस्तान से infiltration होती थी। वहाँ के जो सारे किसान हैं..

उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी): आपका भाषण समाप्त हुआ। श्री अजीत कुमार भुयान, अनुपस्थित। ...(**व्यवधान**)... श्री संजय कुमार झा। आपके 5 मिनट्स हैं।

श्री संजय कुमार झा (बिहार): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं गृह मंत्रालय की उपलब्धियों पर चर्चा करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। चाहे जम्मू-कश्मीर हो या पूर्वोत्तर भारत हो, चाहे नक्सल उग्रवाद से निपटना हो, चाहे मादक पदार्थों की रोकथाम हो, इन सबके लिए पिछले पाँच वर्षों में गृह मंत्रालय ने बहुत ही प्रशंसनीय काम किया है।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं मिथिला क्षेत्र से आता हूँ और न्याय तथा दर्शन में मिथिला का अपना अलग स्थान रहा है। न्याय पर बहुत सारा काम मिथिला में हुआ। महर्षि गौतम हुए, जिन्होंने न्याय सूत्र पर लिखा। वाचस्पति मिश्र हुए, जिन्होंने न्याय पर लिखा। अभी गृह मंत्रालय द्वारा आपराधिक न्याय के जो तीन नए कानून दंड लाए गए, ये कानून दंड नहीं, बल्कि न्याय केंद्रित हैं। 160 वर्षों के बाद तथा स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार आपराधिक कानूनों की व्यापक समीक्षा की गई है। 21वीं सदी का यह सबसे बड़ा सुधार है। इसके पूर्णतया लागू हो जाने के बाद हमारी न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली हो जाएगी। इन कानूनों की मूल भावना में Citizen first; dignity first; justice first का ध्यान रखा गया है।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, अंग्रेजों ने राजद्रोह की धारा लगाई थी, जिसके तहत हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को दंडित किया गया था। अब राजद्रोह से संबंधित आईपीसी की धारा 124 को हटा दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में राजद्रोह के बदले अब देशद्रोह के कृत्यों पर एक नई धारा 152 शामिल की गई है। पहली बार सामुदायिक सेवा को दंड के रूप में शामिल किया गया है यानी कोई गलत काम किया है, तो उसको दंड के रूप में Community service का दंड दिया जा सकता है। पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया है। पहली बार देश से फरार होने वाले अपराधियों के लिए Trial-in-absentia का प्रावधान जोड़ा गया है। पहली बार सात वर्ष या उससे अधिक सजा के मामले में फॉरेंसिक के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। उसी तरह, नशा मुक्त भारत के लिए, Narcotics के लिए सरकार ने zero-tolerance की नीति अपनाई है। मैं देख रहा था कि इसके लिए गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में 31 बैठकें की गईं कि कैसे नारकोटिक्स

के खिलाफ काम किया जाएगा। इसके लिए चार स्तरीय National Narcotics Coordination Portal mechanism का गठन किया गया है।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, उसी तरह पूर्वोत्तर राज्य की चर्चा होती है। पूर्वोत्तर में 2014 की तुलना में वर्ष 2024 में विद्रोह की घटनाओं में 64 परसेंट की कमी आई है। सुरक्षा बलों की हताहत होने की संख्या में 2014 की तुलना में 2024 में 85 परसेंट की कमी आई है। नागरिकों की मृत्यु में 2014 की तुलना में 2024 में 86 परसेंट की कमी आई है। लगभग 12 समझौते किए गए, जिनसे 10,000 से अधिक युवाओं ने आत्मसमर्पण किया है। बिहार में हमेशा नक्सलवाद का एक प्रभाव रहता था, लोग कहते थे कि पशुपतिनाथ से तिरुपति तक नक्सल का एक लंबा कॉरिडोर है। मैं बिहार का comparison कर रहा हूँ - बिहार में 2004 में नक्सल प्रभावित violence के incident 342 हुए थे और 2024 में यह घट कर 13 हो गया। 20004 में नक्सलों के द्वारा 218 सिविलियन्स की मृत्यु हुई थी, जो 2024 में घट कर एक हो गई। 2004 से 2024 तक लगभग 7,000 naxalite extremists को अरेस्ट किया गया है। बिहार में 2020 से आज तक नक्सलियों के साथ कोई भी घटना में किसी भी सिक्योरिटी फोर्सेज़ की जान नहीं गयी है यानी जीरो सिक्योरिटी फोर्सेज़ की जान गयी है। मैं एनआईए का भी देख रहा था, उसमें भी 147 मामलों में 95 परसेंट conviction rate है।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक और विषय पर चर्चा करना चाहता हूँ। चूँकि हम बिहार से आते हैं और उत्तर बिहार में फ्लड का बहुत बड़ा प्रभाव रहता है। हर एक साल जब फ्लड का प्रभाव रहता है, तब गृह मंत्रालय के द्वारा पर्सनली वहाँ एनडीआरएफ भेज कर जिस टाइप से रेस्क्यू किया जाता है, उस समय जितना सपोर्ट किया जाता है, वह एक बड़ा काम हमेशा गृह मंत्रालय के द्वारा वहां पर किया जाता है। मैं बिहार से आता हूँ और मैं एक बात की जरूर चर्चा करना चाहूंगा। बिहार में सबसे बड़ा दंगा....

उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी): माननीय सदस्य, आपका भाषण समाप्त हुआ।

श्री संजय कुमार झा: सर, एक मिनट।

उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी): आप कृपया बैठ जाएँ।

श्री संजय कुमार झा: ठीक है, सर।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Shri Sandosh Kumar P, three minutes.

SHRI SANDOSH KUMAR P: Sir, I have certain serious concerns.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Not allowed. Please, three minutes only.

SHRI SANDOSH KUMAR P (Kerala): Sir, I have certain serious concerns related to the functioning of the Home Ministry in our country, and I have no hesitation in stating all those concerns because we are not at the mercy of any internal agency or any probing agency.

